सब द्वार—सम्पूर्ण द्वार; **युड़ि'**—ग्रहण करते हुए; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **करियाछेन शयन**—लेटे थे; **भितरे**—भीतर; **याइते नारे**—जा न पाया; **गोविन्द**—गोविन्द; **करे निवेदन**—निवेदन किया।

अनुवाद

इस बार जब महाप्रभु लेटे, तो उन्होंने पूरा द्वार घेर लिया। इससे गोविन्द कमरे के भीतर न प्रवेश कर सका, अतएव उन्होंने निम्न प्रार्थना की।

'এক-পাশ হও, মোরে দেহ' ভিতর যাইতে' ।
প্রভু কহে,—'শক্তি নাহি অঙ্গ চালাইতে' ॥৮৬॥

'एक-पाश हओ, मोरे देह' भितर ग्राइते' ।
प्रभु कहे,—'शक्ति नाहि अङ्ग चालाइते' ॥८६॥

एक-पाश हओ—कृपया एक ओर घूमें; **मोरे**—मुझे; **देह'**—अनुमति दें; **भितर**—भीतर; **ग्राइते**—जाने की; **प्रभु कहे**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने उत्तर दिया; **शक्ति**—शक्ति; **नाहि**—नहीं; **अङ्ग चालाइते**—मेरा शरीर हिलाने की।

अनुवाद

गोविन्द ने कहा, "कृपया एक ओर करवट ले लें। मुझे कमरे में प्रवेश करने दें।" किन्तु महाप्रभु ने उत्तर दिया, "अपना शरीर हिलाने-डुलाने की मुझमें शक्ति नहीं है।"

বার বার গোবিন্দ কহে এক-দিক্ হ-ইতে ।
প্রভু কহে,—'অঙ্গ আমি নারি চালাইতে' ॥৮৭॥

बार बार गोविन्द कहे एक-दिक् ह-इते ।
प्रभु कहे,—'अङ्ग आमि नारि चालाइते' ॥८७॥

बार बार—बारम्बार; **गोविन्द**—गोविन्द; **कहे**—निवेदन करे; **एक-दिक् ह-इते**—एक ओर घूमने के लिए; **प्रभु कहे**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने उत्तर दिया; **अङ्ग**—मेरा शरीर; **आमि**—मैं; **नारि चालाइते**—हिला नहीं पा रहा।

अनुवाद

गोविन्द ने बारम्बार अनुरोध किया, किन्तु महाप्रभु ने उत्तर दिया, "मैं अपना शरीर हिला-डुला नहीं सकता।"

গোবিন্দ কহে,—'করিতে চাহি পাদ-সম্বাহন' ।
প্রভু কহে,—'কর বা না কর, যেই লয় তোমার মন' ॥ ৮৮॥
গোবিন্দ কহে,—'করিতে চাহি পাদ-সম্বাহন' ।
প্রভু কহে,—'কর বা না কর, যেই লয় তোমার মন' ॥ ৮৮॥

গোবিন্দ কহে—गोविन्द ने कहा; **করিতে**—करना; **চাহি**—मैं चाहु; **পাদ-সম্বাহন**—पैरों को दबाना; **প্রভু কহে**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने उत्तर दिया; **কর**—कर; **বা**—अन्यथा; **না কর**—न कर; **যেই**—जो कुछ; **লয় তোমার মন**—तुम चाहो।

अनुवाद

गोविन्द ने बारम्बार अनुरोध किया, "मैं आपके पाँव दबाना चाहता हूँ," किन्तु महाप्रभु ने कहा, "चाहे दबाओ या न दबाओ। यह सब तुम्हारे मन पर निर्भर है।"

তবে গোবিন্দ বহির্বাস তাঁর উপরে দিয়া ।
ভিতর-ঘরে গেলা মহাপ্রভুরে লঙ্ঘিয়া ॥ ৮৯॥
তবে গোবিন্দ বহির্বাস তাঁর উপরে দিয়া ।
ভিতর-ঘরে গেলা মহাপ্রভুরে লঙ্ঘিয়া ॥ ৮৯॥

তবে—फिर; **গোবিন্দ**—गोविन्द; **বহির্বাস**—बाहरी वस्त्र; **তাঁর উপরে**—उन पर; **দিয়া**—फैलाया; **ভিতর-ঘরে**—कक्ष के भीतर; **গেলা**—गया; **মহাপ্রভুরে লঙ্ঘিয়া**—श्री चैतन्य महाप्रभु को लाँघकर।

अनुवाद

तब गोविन्द ने महाप्रभु के शरीर पर चादर डाल दी और इस तरह वह उन्हें लाँघकर कमरे में प्रवेश कर गया।

পাদ-সম্বাহন কৈল, কটি-পৃষ্ঠ চাপিল ।
মধূর-মর্দনে প্রভুর পরিশ্রম গেল ॥ ৯০॥
পাদ-সম্বাহন কৈল, কটি-পৃষ্ঠ চাপিল ।
মধূর-মর্দনে প্রভুর পরিশ্রম গেল ॥ ৯০॥

পাদ-সম্বাহন—पैरों को दबाना; **কৈল**—उसने किया; **কটি**—कमर; **পৃষ্ঠ**—पीठ;

चापिल—दबाया; **मधूर-मर्दने**—मृदुलता से दबाया; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **परिश्रम**—थकावट; **गेल**—दूर हो गई।

अनुवाद

गोविन्द ने हमेशा की तरह महाप्रभु के पाँव दबाये। उसने महाप्रभु की कमर तथा पीठ हल्के से दबाई और इस तरह महाप्रभु की थकान दूर हो गई।

सुखे निद्रा हैल प्रभुर, गोविन्द चापे अङ्ग ।
दण्ड-दुइ ब-इ प्रभुर हैला निद्रा-भङ्ग ॥९१॥

सुखे निद्रा हैल प्रभुर, गोविन्द चापे अङ्ग ।
दण्ड-दुइ ब-इ प्रभुर हैला निद्रा-भङ्ग ॥ ९१ ॥

सुखे—अच्छी तरह से; **निद्रा हैल प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु सो गये; **गोविन्द**—गोविन्द; **चापे अङ्ग**—शरीर को दबाया; **दण्ड-दुइ ब-इ**—लगभग पैंतालीस मिनट के बाद; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **हैला**—हुआ; **निद्रा-भङ्ग**—निद्रा टूटना।

अनुवाद

जब गोविन्द ने उनका शरीर दबाया, तो महाप्रभु लगभग ४५ मिनट तक अच्छी तरह सोये और तब उनकी नींद टूटी।

गोविन्दे देखिया प्रभु बले क्रुद्ध हञा ।
'आजि केने एत-क्षण आछिस्वसिया? ॥९२॥

गोविन्दे देखिया प्रभु बले क्रुद्ध हञा ।
'आजि केने एत-क्षण आछिस् वसिया? ॥ ९२ ॥

गोविन्दे देखिया—गोविन्द को देखकर; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने; **बले**—कहा; **क्रुद्ध हञा**—क्रोधित होकर; **आजि**—आज; **केने**—क्यों; **एत-क्षण**—इतने समय तक; **आछिस्**—तुम रहे हो; **वसिया**—बैठे।

अनुवाद

जब महाप्रभु ने गोविन्द को अपनी बगल में बैठे देखा, तो वे कुछ नाराज हुए और पूछा, "तुम आज इतनी देर तक यहाँ क्यों बैठे रहे हो?"

মোর নিদ্রা হৈলে কেনে না গেলা প্রসাদ খাইতে?' ।
গোবিন্দ কহে—'দ্বারে শুইলা, যাইতে নাহি পথে' ॥৯৩॥
মোর নিদ্রা হৈলে কেনে না গেলা প্রসাদ খাইতে?' ।
গোবিন্দ কহে—'দ্বারে শুইলা, যাইতে নাহি পথে' ॥ ৯৩ ॥

মোর নিদ্রা হৈলে—মৈं निद्राव्यवस्था में था; **কেনে**—क्यों; **না গেলা**—नहीं गया; **প্রসাদ খাইতে**—प्रसाद सेवन करने; **গোবিন্দ কহে**—गोविन्द ने कहा; **দ্বারে**—द्वार; **শুইলা**—आप रोक रहे थे; **যাইতে**—जाना; **নাহি পথে**—मार्ग नहीं था।

अनुवाद

महाप्रभु ने पूछा, "मेरे सो जाने के बाद तुम प्रसाद ग्रहण करने क्यों नहीं गये?" गोविन्द ने उत्तर दिया, "आप द्वार रोककर लेटे हुए थे और जाने के लिए कोई रास्ता न था।"

প্রভু কহে,—'ভিতরে তবে আইলা কেমনে? ।
তৈছে কেনে প্রসাদ লৈতে না কৈলা গমনে?' ॥৯৪॥
প্রভু কহে,—'ভিতরে তবে আইলা কেমনে? ।
তৈছে কেনে প্রসাদ লৈতে না কৈলা গমনে?' ॥ ৯৪ ॥

প্রভু কহে—श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा; **ভিতরে**—भीतर; **তবে**—उस समय; **আইলা**—तुम आये; **কেমনে**—किस प्रकार; **তৈছে**—उसी प्रकार; **কেনে**—क्यों; **প্রসাদ লৈতে**—प्रसाद सेवन करने; **না কৈলা গমনে**—नहीं गये।

अनुवाद

महाप्रभु ने पूछा, "तुमने कमरे में प्रवेश कैसे किया? उसी तरह से तुम भोजन करने बाहर क्यों नहीं गये?"

গোবিন্দ কহে মনে—"আমার 'সেবা' সে 'নিয়ম' ।
অপরাধ হ-উক, কিবা নরকে গমন ॥৯৫॥
গোবিন্দ কহে মনে—"আমার 'সেবা' সে 'নিয়ম' ।
অপরাধ হ-উক, কিবা নরকে গমন ॥ ৯৫ ॥

গোবিন্দ কহে—गोविन्द ने कहा; **মনে**—मन में; **আমার সেবা**—मेरी सेवा; **সে নিয়ম**—

यह नियम है; **अपराध ह-उक**—अपराध क्यों न हो; **किबा**—या; **नरके**—नर्क में; **गमन**—जाना।

अनुवाद

गोविन्द ने मन ही मन उत्तर दिया, "मेरा कर्तव्य तो सेवा करना है, चाहे मुझे अपराध करना पड़े या नरक जाना पड़े।

'सेवा' लागि' कोटि 'अपराध' नाहि गणि ।
स्व-निमित्त 'अपराधाभासे' भय मानि'' ॥९६॥

'सेवा' लागि' कोटि 'अपराध' नाहि गणि ।
स्व-निमित्त 'अपराधाभासे' भय मानि" ॥ ९६ ॥

सेवा लागि'—सेवा के लिए; **कोटि अपराध**—करोड़ों अपराध; **नाहि गणि**—मुझे चिन्ता नहीं; **स्व-निमित्त**—स्वयं के लिए; **अपराध-आभासे**—अपराध के आभास से; **भय मानि**—मुझे भय है।

अनुवाद

"यदि महाप्रभु की सेवा के लिए मुझे करोड़ों अपराध करने पड़ें, तो भी मैं बुरा नहीं मानूँगा, किन्तु मैं अपने लिए एक अपराध की झलक से भी अत्यधिक डरता हूँ।"

एत सब मने करि' गोविन्द रहिला ।
प्रभु ये पुछिला, तार उत्तर ना दिला ॥९७॥

एत सब मने करि' गोविन्द रहिला ।
प्रभु ये पुछिला, तार उत्तर ना दिला ॥ ९७ ॥

एत सब—यह सब; **मने करि'**—मन में सोचकर; **गोविन्द रहिला**—गोविन्द चुप रहा; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **ये**—क्या; **पुछिला**—पूछा; **तार**—उसका; **उत्तर**—उत्तर; **ना दिला**—नहीं दिया।

अनुवाद

इस तरह सोचकर गोविन्द मौन रहा। उसने महाप्रभु के प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया।

प्रत्यह प्रभुर निद्राय यान प्रसाद ल-इते ।
से दिवसेर श्रम देखि' लागिला चापिते ॥ ९८ ॥

प्रत्यह प्रभुर निद्राय ग्यान प्रसाद ल-इते ।
से दिवसेर श्रम देखि' लागिला चापिते ॥ ९८ ॥

प्रति-अह—प्रतिदिन; **प्रभुर निद्राय**—प्रभु की निद्रावस्था के समय; **ग्यान**—वह जाता था; **प्रसाद ल-इते**—प्रसाद सेवन करने; **से दिवसेर**—उस दिन; **श्रम**—थकावट; **देखि'**—देखकर; **लागिला चापिते**—मलने लगा।

अनुवाद

गोविन्द का अभ्यास था कि वह तब भोजन करता, जब महाप्रभु सोये होते। किन्तु उस दिन महाप्रभु की थकावट देखकर गोविन्द उनके शरीर को दबाता रहा।

याइतेह पथ नाहि, याइबे केमने? ।
महा-अपराध हय प्रभुर लङ्घने ॥ ९९ ॥

ग्याइतेह पथ नाहि, ग्याइबे केमने? ।
महा-अपराध हय प्रभुर लङ्घने ॥ ९९ ॥

ग्याइतेह—जाने के लिए; **पथ नाहि**—मार्ग न था; **ग्याइबे केमने**—कैसे जाता; **महा-अपराध**—महान् अपराध; **हय**—होता; **प्रभुर लङ्घने**—श्री चैतन्य महाप्रभु के शरीर को लाँघना।

अनुवाद

चूँकि जाने के लिए कोई रास्ता न था, अतः वह कैसे जाता? जब उसने महाप्रभु के शरीर को लाँघने का सोचा, तो उसे लगा कि यह बहुत बड़ा अपराध है।

एइ सब हय भक्ति-शास्त्र-सूक्ष्म मर्म ।
चैतन्येर कृपाय जाने एइ सब धर्म ॥ १०० ॥

एइ सब हय भक्ति-शास्त्र-सूक्ष्म मर्म ।
चैतन्येर कृपाय जाने एइ सब धर्म ॥ १०० ॥

एइ सब—यह सब; **हय**—है; **भक्ति-शास्त्र**—भक्ति शास्त्र; **सूक्ष्म मर्म**—सूक्ष्म नियम;

चैतन्येर कृपाय—श्री चैतन्य महाप्रभु की कृपा से; **जाने**—व्यक्ति समझ सकता है; **एइ सब**—यह सब; **धर्म**—भक्ति के नियम।

अनुवाद

भक्ति में ये सब शिष्टाचार की सूक्ष्म बातें हैं। जिसने श्री चैतन्य महाप्रभु की कृपा प्राप्त की है, केवल वही इन तत्त्वों को समझ सकता है।

तात्पर्य

कर्मीजन भक्ति के सूक्ष्म तत्त्वों को नहीं समझ सकते, क्योंकि वे भक्ति के विधिविधान-परक महत्त्व को ही स्वीकार करते हैं, किन्तु यह नहीं जानते कि भक्ति किस तरह भगवान् को तुष्ट करती है। कर्मीजन औपचारिक क्रियाओं को धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष में उन्नति करने का साधन मानते हैं। यद्यपि ये धर्म का पालन करने के भौतिक परिणाम मात्र हैं, किन्तु कर्मीजन इन्हें ही सब कुछ मानते हैं। ये अनुष्ठान कर्म कहलाते हैं। जो कर्मी भक्ति को शिथिलतापूर्वक ग्रहण करते हैं और इस तरह भौतिक कर्म के स्तर पर बने रहते हैं, वे *प्राकृत सहजिया* कहलाते हैं। वे यह नहीं समझ पाते कि वात्सल्य तथा माधुर्य प्रेम में किस तरह शुद्ध भक्ति की जाती है, क्योंकि इसे वही शुद्ध भक्त समझ सकता है, जिस पर श्री चैतन्य महाप्रभु की विशेष कृपा होती है।

भक्त-गुण प्रकाशिते प्रभु बड़ रङ्गी ।
एइ सब प्रकाशिते कैला एत भङ्गी ॥१०१॥

भक्त-गुण प्रकाशिते प्रभु बड़ रङ्गी ।
एइ सब प्रकाशिते कैला एत भङ्गी ॥१०१॥

भक्त-गुण—भक्तों के गुण; **प्रकाशिते**—प्रकट होना; **प्रभु**—प्रभु; **बड़ रङ्गी**—बहुत उत्साहित; **एइ सब**—यह सब; **प्रकाशिते**—प्रकट होना; **कैला**—उन्होंने प्रदर्शित किया; **एत**—इस प्रकार की; **भङ्गी**—घटना।

अनुवाद

महाप्रभु अपने भक्तों के उच्च गुणों को प्रकट करने में अत्यधिक रुचि रखते हैं और यही कारण है कि उन्होंने इस घटना को घटने दिया।

সঙ্ক্ষেপে কহিলুঁ এই পরি-মুণ্ডা-নৃত্য ।
অদ্যাপিহ গায় যাহা চৈতন্যের ভৃত্য ॥১০২॥

সঙ্ক্ষেপে কহিলুঁ এই পরি-মুণ্ডা-নৃত্য ।
অদ্যাপিহ গায় যাহা চৈতন্যের ভৃত্য ॥১০২॥

सङ्क्षेपे—संक्षिप्त में; **कहिलुँ**—मैंने वर्णन किया है; **एइ**—यह; **परि-मुण्डा-नृत्य**—जगन्नाथ मन्दिर के कक्ष में किया गया नृत्य; **अद्यापिह**—आज तक; **गाय**—गाए; **याहा**—इसे; **चैतन्येर भृत्य**—श्री चैतन्य महाप्रभु के सेवक।

अनुवाद

इस तरह मैंने जगन्नाथ मन्दिर के सभा भवन में श्री चैतन्य महाप्रभु के नृत्य करने का संक्षिप्त वर्णन किया है। श्री चैतन्य महाप्रभु के सेवक अब भी इस नृत्य का गुणगान करते हैं।

এই-মত মহাপ্রভু লঞা নিজ-গণ ।
গুণ্ডিচা-গৃহের কৈলা ক্ষালন, মার্জন ॥১০৩॥

এই-মত মহাপ্রভু লঞা নিজ-গণ ।
গুণ্ডিচা-গৃহের কৈলা ক্ষালন, মার্জন ॥১০৩॥

एइ-मत—इस प्रकार; **महाप्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **लञा निज-गण**—अपने व्यक्तिगत सहयोगीयों के साथ; **गुण्डिचा-गृहेर**—गुंडीचा मन्दिर; **कैला**—प्रदर्शित किया; **क्षालन**—धोना; **मार्जन**—शुद्ध करना।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने हमेशा की तरह अपने निजी संगियों के साथ गुण्डिचा मन्दिर की धुलाई तथा सफाई की।

পূর্ববত্কৈলা প্রভু কীর্তন, নর্তন ।
পূর্ববত্টোটায় কৈলা বন্য-ভোজন ॥১০৪॥

পূর্ববত্ কৈলা প্রভু কীর্তন, নর্তন ।
পূর্ববত্ টোটায় কৈলা বন্য-ভোজন ॥১০৪॥

पूर्व-वत्—पहले की तरह; **कैला**—प्रदर्शित किया; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **कीर्तन**—

कीर्तन; **नर्तन**—नृत्य; **पूर्व-वत्**—जैसे पहले; **टोटाय**—बाग में; **कैला**—किया; **वन्य-भोजन**—भोज।

अनुवाद

महाप्रभु ने पहले की ही तरह नृत्य और कीर्तन किया और तब बगीचे में भोजन किया।

पूर्ववत्रथ-आगे करिला नर्तन ।
हेरा-पञ्चमी-यात्रा कैला दरशन ॥ १०५॥

पूर्ववत् रथ-आगे करिला नर्तन ।
हेरा-पञ्चमी-यात्रा कैला दरशन ॥ १०५॥

पूर्व-वत्—पहले की तरह; **रथ-आगे**—रथ के सामने; **करिला नर्तन**—नृत्य किया; **हेरा-पञ्चमी-यात्रा**—हेरा पंचमी का उत्सव; **कैला दरशन**—उन्होंने देखा।

अनुवाद

उन्होंने पहले ही की तरह जगन्नाथजी के रथ के आगे नृत्य किया और हेरा पंचमी उत्सव मनाया।

चारि-मास वर्षाय रहिला सब भक्त-गण ।
जन्माष्टमी आदि यात्रा कैला दरशन ॥ १०६॥

चारि-मास वर्षाय रहिला सब भक्त-गण ।
जन्माष्टमी आदि यात्रा कैला दरशन ॥ १०६॥

चारि-मास—चार महीनों के लिए; **वर्षाय**—वर्षा ऋतु के; **रहिला**—रहे; **सब भक्त-गण**—सभी भक्त; **जन्माष्टमी आदि यात्रा**—जन्माष्टमी इत्यादि त्योहार; **कैला दरशन**—मनाया।

अनुवाद

बंगाल से आये सारे भक्त वर्षा-ऋतु के चार महीने तक जगन्नाथपुरी में रहे और उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी तथा अन्य अनेक उत्सव मनाये।

पूर्वे यदि गौड़ ह-इते भक्त-गण आइल ।
प्रभुरे किछु खाओयाइते सबार इच्छा हैल ॥ १०७॥

पूर्वे ग्रदि गौड़ ह-इते भक्त-गण आइल ।
प्रभुरे किछु खाओयाइते सबार इच्छा हैल ॥ १०७॥

पूर्वे—पूर्व काल में; **ग्रदि**—जब; **गौड़ ह-इते**—बंगाल से; **भक्त-गण आइल**—भक्त पहुँचे; **प्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु को; **किछु**—कुछ; **खाओयाइते**—भोजन कराने की; **सबार इच्छा हैल**—सबकी इच्छा हुई।

अनुवाद

पहले जब बंगाल से सारे भक्त आये थे, तो उनकी इच्छा थी कि श्री चैतन्य महाप्रभु को खाने के लिए कोई न कोई वस्तु दें।

কেহ কোন প্রসাদ আনি' দেয় গোবিন্দ-ঠাঞি ।
'ইহা যেন অবশ্য ভক্ষণ করেন গোসাঞি' ॥ ১০৮॥

केह कोन प्रसाद आनि' देय गोविन्द-ठाञि ।
'इहा ग्रेन अवश्य भक्षण करेन गोसाञि' ॥ १०८॥

केह—कोई; **कोन प्रसाद**—भिन्न प्रकार का प्रसाद; **आनि'**—लाया; **देय**—पहुँचाया; **गोविन्द-ठाञि**—गोविन्द को; **इहा**—यह; **ग्रेन**—कि; **अवश्य**—अवश्य; **भक्षण करेन**—खायें; **गोसाञि**—श्री चैतन्य महाप्रभु।

अनुवाद

हर भक्त कोई न कोई प्रसाद लाता। वह इसे इस विनती के साथ गोविन्द को सौंपता कि, "कृपया ऐसा करें कि महाप्रभु इस प्रसाद को अवश्य खायें।"

কেহ পৈড়, কেহ নাড়ু, কেহ পিঠা-পানা ।
বহু-মূল্য উত্তম-প্রসাদ-প্রকার যার নানা ॥ ১০৯॥

केह पैड़, केह नाड़ु, केह पिठा-पाना ।
बहु-मूल्य उत्तम-प्रसाद-प्रकार ग्रार नाना ॥ १०९॥

केह—कोई; **पैड़**—पैड़ा (नारियल से बना पदार्थ); **केह**—कोई; **नाड़ु**—लड्डू; **केह**—कोई; **पिठा**—पिठा; **पाना**—मीठे चावल; **बहु-मूल्य**—बहुमूल्य; **उत्तम-प्रसाद**—अत्यन्त स्वादिष्ट भोजन; **प्रकार ग्रार नाना**—भिन्न भिन्न प्रकार का।

अनुवाद

कोई पैड़ (नारियल का एक व्यंजन), तो कोई लड्डू, तथा कोई पिष्टक (पिठा) तथा खीर ले आया। यह प्रसाद तरह-तरह का था और बहुमूल्य था।

'अमुकेइ दिया़छे' गोविन्द करे निवेदन ।
'धरि' राख' बलि' प्रभु ना करेन भक्षण ॥ ११०॥

'अमुकेइ दियाछे' गोविन्द करे निवेदन ।
'धरि' राख' बलि' प्रभु ना करेन भक्षण ॥ ११०॥

अमुक्—अमुक भक्त; **एइ**—यह; **दियाछे**—दिया है; **गोविन्द**—गोविन्द; **करे निवेदन**—बताये; **धरि' राख**—कृपया इन्हें स्वीकार करें; **बलि'**—कहकर; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **ना करेन भक्षण**—सेवन न किया।

अनुवाद

गोविन्द प्रसाद को श्री चैतन्य महाप्रभु के सामने रखता और कहता, "इसे अमुक भक्त ने दिया है।" किन्तु महाप्रभु उसे वास्तव में खाते नहीं थे। वे केवल इतना ही कहते, "इसे कमरे में रख दो।"

धरिते धरिते घरेर भरिल एक कोण ।
शत-जनेर भक्ष्य यत हैल सङ्कयन ॥ १११॥

धरिते धरिते घरेर भरिल एक कोण ।
शत-जनेर भक्ष्य यत हैल सञ्चयन ॥ १११॥

धरिते धरिते—रखते रखते; **घरेर**—कमरे का; **भरिल**—भर गया; **एक कोण**—एक कोना; **शत-जनेर**—एक सौ लोगों को; **भक्ष्य**—खिलाने के लिए पर्याप्त; **यत**—सब; **हैल**—था; **सञ्चयन**—संग्रहण।

अनुवाद

गोविन्द इस खाद्य सामग्री को संचित करता रहा, अतः जल्दी ही कमरे का एक कोना भर गया। यह सामग्री कम से कम एक सौ लोगों के भोजन के लिए पर्याप्त थी।

গোবিন্দেরে সবে পুছে করিয়া যতন ।
'আমা-দত্ত প্রসাদ প্রভুরে কি করাইলা ভক্ষণ? ॥১১২॥

गोविन्देरे सबे पुछे करिया यतन ।
'आमा-दत्त प्रसाद प्रभुरे कि कराइला भक्षण? ॥ ११२ ॥

गोविन्देरे—गोविन्द को; **सबे**—सभी भक्त; **पुछे**—पूछते; **करिया यतन**—अत्यन्त उत्साहपूर्वक; **आमा-दत्त प्रसाद**—मैंने दिया हुआ प्रसाद; **प्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु को; **कि कराइला भक्षण**—सेवन करने दिया?

अनुवाद

सारे भक्त अत्यन्त उत्सुकता से गोविन्द से पूछते, "क्या आपने मेरे द्वारा लाया हुआ प्रसाद श्री चैतन्य महाप्रभु को दिया?"

কাহাঁ কিছু কহি' গোবিন্দ করে বঞ্চন ।
আর দিন প্রভুরে কহে নির্বেদ-বচন ॥১১৩॥

काहाँ किछु कहि' गोविन्द करे वञ्चन ।
आर दिन प्रभुरे कहे निर्वेद-वचन ॥ ११३ ॥

काहाँ—किसी को; **किछु**—कुछ; **कहि'**—कहकर; **गोविन्द**—गोविन्द; **करे वञ्चन**—झूठ कहता; **आर दिन**—एक दिन; **प्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु को; **कहे**—कहा; **निर्वेद-वचन**—निराशापूर्वक।

अनुवाद

जब भक्तगण गोविन्द से पूछते, तो उसे उनसे झूठ बोलना पड़ता। इसलिए एक दिन उसने निराश होकर महाप्रभु से कहा।

"আচার্যাদি মহাশয় করিয়া যতনে ।
তোমারে খাওয়াইতে বস্তু দেন মোর স্থানে ॥১১৪॥

"आचार्य्यादि महाशय करिया यतने ।
तोमारे खाओयाइते वस्तु देन मोर स्थाने ॥ ११४ ॥

आचार्य्य-आदि—अद्वैत आचार्य के नेतृत्व में; **महाशय**—सम्माननीय सज्जन; **करिया यतने**—बहुत प्रयास करके; **तोमारे खाओयाइते**—आपको खिलाने के लिए; **वस्तु देन**—विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ; **मोर स्थाने**—मुझे।

अनुवाद

"अद्वैत आचार्य इत्यादि अनेक सम्माननीय भक्त आपके लिए तरह-तरह का भोजन मुझे सौंपने के लिए बड़ा प्रयास करते हैं।

তুমি সে না খাও, তাঁরা পুছে বার বার ।
কত বঞ্চনা করিমু, কেমনে আমার নিস্তার?'' ॥ ১১৫ ॥

তুমি সে না খাও, তাঁরা পুছে বার বার ।
কত বঞ্চনা করিমু, কেমনে আমার নিস্তার?" ॥ ১১৫ ॥

तुमि—आप; **से**—यह; **ना खाओ**—नहीं खाते हैं; **ताँरा**—वे; **पुछे**—पूछते हैं; **बार बार**—बारम्बार; **कत वञ्चना करिमु**—कब तक मैं छलुं; **केमने**—कैसे; **आमार**—मेरी; **निस्तार**—मुक्ति।

अनुवाद

"आप उसे नहीं खाते हैं, किन्तु वे मुझसे बारम्बार पूछते रहते हैं। मैं कब तक उन्हें ठगता रहूँगा? मैं इस उत्तरदायित्व से कब छुटकारा पा सकूँगा?"

প্রভু কহে,—'আদি-বস্যা' দুঃখ কাঁহে মানে? ।
কেবা কি দিয়াছে, তাহা আনহ এখানে ॥ ১১৬ ॥

প্রভু কহে,—'আদি-বস্যা' দুঃখ কাঁহে মানে? ।
কেবা কি দিয়াছে, তাহা আনহ এখানে ॥ ১১৬ ॥

प्रभु कहे—महाप्रभु ने उत्तर दिया; **आदि-वस्या**—तुम जो मेरे साथ बहुत समय से निवास कर रहे हो; **दुःख काँहे माने**—तुम इस पर दुःखी क्यों हो?; **केबा कि दियाछे**—उन्होंने जो कुछ दिया है; **ताहा**—वह सब; **आनह एखाने**—इधर लाओ।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने उत्तर दिया, "तुम मूर्ख की तरह क्यों इतने दुःखी हो? उन लोगों ने तुम्हें जो दिया है, उसे मेरे पास ले आओ।"

तात्पर्य

श्रील भक्तिविनाद ठाकुर बतलाते हैं कि *आदि-वस्या शब्द* उस व्यक्ति का

द्योतक है, जो किसी के साथ दीर्घकाल से रह रहा हो। गोविन्द को *आदिवस्या* कहकर इसलिए सम्बोधित किया गया, क्योंकि वह महाप्रभु के साथ दीर्घकाल से रह रहा था, जबकि अन्य भक्त जो अधिकतर नये थे, आते-जाते रहते थे। वस्तुतः महाप्रभु ने गोविन्द से कहा, "चूँकि तुम मेरे साथ दीर्घकाल से रह रहे हो, अतएव तुम्हें इस बात के लिए मूर्ख की तरह निराश नहीं होना चाहिए। तुम सारा भोजन ले आओ और तुम देखोगे कि मैं उसे खा सकता हूँ।"

এত বলি' মহাপ্রভু বসিলা ভোজনে ।
নাম ধরি' ধরি' গোবিন্দ করে নিবেদনে ॥ ১১৭ ॥

এত বলি' মহাপ্রভু বসিলা ভোজনে ।
নাম ধরি' ধরি' গোবিন্দ করে নিবেদনে ॥ ११७ ॥

এত বলি'—यह कहकर; **মহাপ্রভু**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **বসিলা ভোজনে**—खाने के लिए बैठे; **নাম**—नाम; **ধরি' ধরি'**—कहकर (बताकर); **গোবিন্দ**—गोविन्द; **করে নিবেদনে**—प्रदान करे।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु खाने बैठ गये। तब गोविन्द उन्हें एक-एक करके सारे पकवान देने लगा और साथ ही देने वाले का नाम भी बताता गया।

"আচার্যের এই পৈড়, পানা-সর-পূপী ।
এই অমৃত-গুটিকা, মণ্ডা, কর্পূর-কূপী ॥ ১১৮ ॥

"আচার্য্যের এइ পৈড়, পানা-সর-পূপী ।
এइ অমৃত-গুটিকা, মণ্ডা, কর্পূর-কূপী ॥ ११८ ॥

আচার্য্যের—अद्वैत आचार्य ने; **এइ**—यह; **পৈড়**—पैड़ा; **পানা**—खीर; **সর-পূপী**—मलाई से बने रोट; **এइ**—ये; **অমৃত-গুটিকা**—मिठाई; **মণ্ডা**—गोलाकार मिठाई; **কর্পূর-কূপী**—कपूर से भरा मटका (पात्र)।

अनुवाद

"पैड़, खीर, मलाई के बने रोट तथा अमृत गुटिका, मण्डा एवं कपूर का पात्र-ये सारी वस्तुएँ अद्वैत आचार्य द्वारा दी गई हैं।

श्रीवास-पण्डितेर एই অনেক প্রকার ।
পিঠা, পানা, অমৃত-মণ্ডা পদ্ম-চিনি আর ॥ ১১৯॥

শ্রীবাস-পণ্ডিতের এই অনেক প্রকার ।
পিঠা, পানা, অমৃত-মণ্ডা পদ্ম-চিনি আর ॥ ১১৯॥

শ্রীবাস-পণ্ডিতের—শ্রীবাস পণ্ডিত के; **এই**—ये; **অনেক প্রকার**—अनेक प्रकार; **পিঠা**—रोट; **পানা**—मलाई; **অমৃত-মণ্ডা**—एक प्रकार की मिठाई; **পদ্ম-চিনি**—पद्म चिनि; **আর**—एवं।

अनुवाद

"इसके बाद श्रीवास पण्डित द्वारा दी गई खाद्य सामग्रियाँ हैं—रोट, मलाई, अमृतमण्डा तथा पद्मचिनि।

আচার্যরত্নের এই সব উপহার ।
আচার্যনিধির এই, অনেক প্রকার ॥ ১২০॥

আচার্যরত্নের এই সব উপহার ।
আচার্যনিধির এই, অনেক প্রকার ॥ ১২০॥

আচার্যরত্নের—चन्द्रशेखर के; **এই**—ये; **সব**—सब; **উপহার**—उपहार; **আচার্যনিধির**—आचार्यनिधी के; **এই**—ये; **অনেক প্রকার**—अनेक प्रकार के।

अनुवाद

"ये सारे उपहार आचार्यरत्न के हैं और ये तरह-तरह के उपहार आचार्य निधि द्वारा दिये गये हैं।

বাসুদেব-দত্তের এই মুরারি-গুপ্তের আর ।
বুদ্ধিমন্ত-খাঁনের এই বিবিধ প্রকার ॥ ১২১॥

বাসুদেব-দত্তের এই মুরারি-গুপ্তের আর ।
বুদ্ধিমন্ত-খাঁনের এই বিবিধ প্রকার ॥ ১২১॥

বাসুদেব-দত্তের—वासुदेव दत्त का; **এই**—ये; **মুরারি-গুপ্তের**—मुरारी गुप्त का; **আর**—एवं; **বুদ্ধিমন্ত-খাঁনের**—बुद्धिमन्त खान के; **এই**—ये; **বিবিধ প্রকার**—विभिन्न प्रकार के।

अनुवाद

"ये नाना प्रकार की खाद्य वस्तुएँ वासुदेव दत्त, मुरारि गुप्त तथा बुद्धिमन्त खान द्वारा दी गई हैं।

শ্রীমান্সেন, শ্রীমান্পণ্ডিত, আচার্য-নন্দন ।
তাঁ-সবার দত্ত এই করহ ভোজন ॥১২২॥

श्रीमान् सेन, श्रीमान् पण्डित, आचार्य्य-नन्दन ।
ताँ-सबार दत्त एइ करह भोजन ॥१२२॥

श्रीमान्-सेन—श्रीमान सेन; **श्रीमान्-पण्डित**—श्रीमान पण्डित; **आचार्य्य-नन्दन**—आचार्य नन्दन; **ताँ-सबार**—सभी का; **दत्त**—दिया हुआ; **एइ**—ये; **करह भोजन**—कृपया भोजन करें।

अनुवाद

"ये उपहार श्रीमान सेन, श्रीमान पण्डित तथा आचार्य नन्दन द्वारा दिये गये हैं। कृपया इन सबों को खायें।

কুলীন-গ্রামের এই আগে দেখ যত ।
খণ্ড-বাসী লোকের এই দেখ তত'' ॥১২৩॥

कुलीन-ग्रामेर एइ आगे देख यत ।
खण्ड-वासी लोकेर एइ देख तत" ॥१२३॥

कुलीन-ग्रामेर—कुलीन ग्राम के निवासी; **एइ**—ये; **आगे**—पहले; **देख**—देखा; **यत**—सब; **खण्ड-वासी लोकेर**—खण्ड के निवासी का; **एइ**—ये; **देख**—देखा; **तत**—बहुत सारा।

अनुवाद

"ये वस्तुएँ कुलीनग्राम के निवासियों द्वारा बनाई हुई हैं और इन वस्तुओं को खण्ड के निवासियों ने बनाई हैं।"

ঐছে সবার নাম লঞা প্রভুর আগে ধরে ।
সন্তুষ্ট হঞা প্রভু সব ভোজন করে ॥১২৪॥

ऐछे सबार नाम लञा प्रभुर आगे धरे ।
सन्तुष्ट हञा प्रभु सब भोजन करे ॥१२४॥

ऐछे—इस प्रकार; **सबार नाम**—सबका नाम; **लञा**—लेकर; **प्रभुर आगे**—प्रभु के आगे; **धरे**—रखा; **सन्तुष्ट हञा**—सन्तुष्ट होकर; **प्रभु**—प्रभु; **सब**—सब; **भोजन करे**—खाने लगे।

अनुवाद

इस तरह गोविन्द ने महाप्रभु के सामने भोजन रखते हुए हर एक का नाम लिया। अत्यन्त सन्तुष्ट होकर महाप्रभु सारी वस्तुएँ खाने लगे।

यद्यपि मासेकेर बासि मुकुता नारिकेल ।
अमृत-गुटिकादि, पानादि सकल ॥ १२५ ॥
तथापि नूतन-प्राय सब द्रव्येर स्वाद ।
'बासि' विस्वाद नहे सेइ प्रभुर प्रसाद ॥ १२६ ॥

यद्यपि मासेकेर वासि मुकुता नारिकेल ।
अमृत-गुटिकादि, पानादि सकल ॥ १२५ ॥
तथापि नूतन-प्राय सब द्रव्येर स्वाद ।
'वासि' विस्वाद नहे सेइ प्रभुर प्रसाद ॥ १२६ ॥

यद्यपि—यद्यपि; **मासेकेर**—एक मास; **वासि**—शेष रहा; **मुकुता नारिकेल**—नारियल से बना कड़क और मीठा पदार्थ; **अमृत-गुटिका**—अमृत गुटिका; **आदि**—आदि; **पाना**—मीठा रस; **आदि**—इत्यादि; **सकल**—सब; **तथापि**—तथापि; **नूतन-प्राय**—मानो ताजा; **सब द्रव्येर**—सब खाद्य पदार्थ का; **स्वाद**—स्वाद; **वासि**—बासी; **विस्वाद**—बेस्वाद; **नहे**—नहीं था; **सेइ**—यह; **प्रभुर प्रसाद**—महाप्रभु की कृपा।

अनुवाद

मुकुता नारिकेल, अमृत गुटिका, अनेक प्रकार के मीठे पेय तथा अन्य पदार्थ कम से कम एक मास पहले के बने हुए थे। यद्यपि वे पुराने थे, किन्तु बेस्वाद या बासी नहीं हुए थे। निस्सन्देह, वे सभी ताजे बने रहे थे। यही श्री चैतन्य महाप्रभु की कृपा है।

शत-जनेर भक्ष्य प्रभु दण्डेके खाइला! ।
'आर किछु आछे?' बलि' गोविन्दे पुछिला ॥ १२७ ॥

शत-जनेर भक्ष्य प्रभु दण्डेके खाइला! ।
'आर किछु आछे?' बलि' गोविन्दे पुछिला ॥ १२७ ॥

शत-जनेर—एक सौ लोगों का; **भक्ष्य**—खाद्य पदार्थ; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **दण्डेके खाइला**—चौबीस मीनटों में भोजन कर लिया; **आर किछु आछे**—और कुछ है; **बलि'**—कहकर; **गोविन्दे**—गोविन्द को; **पुछिला**—पूछा।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने अल्पकाल में ही सौ लोगों के लिए पर्याप्त भोजन खा लिया। तब उन्होंने गोविन्द से पूछा, "क्या अब भी कोई चीज बची है?"

গোবিন্দ বলে,—'রাঘবের ঝালি মাত্র আছে' ।
প্রভু কহে,—'আজি রহু, তাহা দেখিমু পাছে' ॥১২৮॥

गोविन्द बले,—'राघवेर झालि मात्र आछे' ।
प्रभु कहे,—'आजि रहु, ताहा देखिमु पाछे' ॥ १२८ ॥

गोविन्द बले—गोविन्द ने उत्तर दिया; **राघवेर झालि**—राघव के दिये गये थैले; **मात्र**—मात्र; **आछे**—हैं; **प्रभु कहे**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा; **आजि**—आज; **रहु**—रहने दो; **ताहा**—यह; **देखिमु**—मैं देखूँगा; **पाछे**—बाद में।

अनुवाद

गोविन्द ने उत्तर दिया, "अब केवल राघव के थैले बचे हैं।" महाप्रभु ने कहा, "आज उन्हें रहने दो। मैं उन्हें बाद में देखूँगा।"

আর দিন প্রভু যদি নিভৃতে ভোজন কৈলা ।
রাঘবের ঝালি খুলি' সকল দেখিলা ॥১২৯॥

आर दिन प्रभु यदि निभृते भोजन कैला ।
राघवेर झालि खुलि' सकल देखिला ॥ १२९ ॥

आर दिन—अगले दिन; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **यदि**—जब; **निभृते**—एकान्त में; **भोजन कैला**—भोजन किया; **राघवेर**—राघव पण्डित के; **झालि**—थैले; **खुलि'**—खोलकर; **सकल देखिला**—सब देखा।

अनुवाद

अगले दिन जब महाप्रभु एकान्त स्थान में भोजन कर रहे थे, तब उन्होंने राघव के थैले खोले और एक-एक करके उनके भीतर देखा।

सब द्रव्येर किछु किछु उपयोग कैला ।
स्वादु, सुगन्धि देखि' बहु प्रशंसिला ॥ १३० ॥

सब द्रव्येर किछु किछु उपयोग कैला ।
स्वादु, सुगन्धि देखि' बहु प्रशंसिला ॥ १३० ॥

सब द्रव्येर—सभी पदार्थ; **किछु किछु**—कुछ कुछ; **उपयोग कैला**—खाया; **स्वादु**—स्वादिष्ट; **सु-गन्धि**—सुगन्धित; **देखि'**—देखकर; **बहु**—अत्यन्त; **प्रशंसिला**—प्रशंसा की।

अनुवाद

उन्होंने उनमें से हर वस्तु को थोड़ा-थोड़ा चखा और उनके स्वाद तथा गन्ध की प्रशंसा की।

वत्सरेक तरे आर राखिला धरिया ।
भोजन-काले स्वरूप परिवेशे खसाञा ॥ १३१ ॥

वत्सरेक तरे आर राखिला धरिया ।
भोजन-काले स्वरूप परिवेशे खसाञा ॥ १३१ ॥

वत्सरेक—एक वर्ष; **तरे**—के लिए; **आर**—शेष; **राखिला धरिया**—भण्डार में रखा; **भोजन-काले**—भोजन के समय; **स्वरूप**—स्वरूप दामोदर गोस्वामी; **परिवेशे**—व्यवस्था करते थे; **खसाञा**—थोड़ा-थोड़ा देना।

अनुवाद

फिर बचे विभिन्न प्रकार के प्रसाद को वर्ष भर खाने के लिए रख दिया गया। जब श्री चैतन्य महाप्रभु भोजन करते, तब स्वरूप दामोदर गोस्वामी इसे थोड़ा-थोड़ा करके परोसते।

कभु रात्रि-काले किछु करेन उपयोग ।
भक्तेर श्रद्धार द्रव्य अवश्य करेन उपभोग ॥ १३२ ॥

कभु रात्रि-काले किछु करेन उपयोग ।
भक्तेर श्रद्धार द्रव्य अवश्य करेन उपभोग ॥ १३२ ॥

कभु—कभी; **रात्रि-काले**—रात्रि काल में; **किछु**—कुछ; **करेन उपयोग**—उपयोग किया; **भक्तेर**—भक्तों के; **श्रद्धार**—श्रद्धा; **द्रव्य**—पदार्थ; **अवश्य**—अवश्य; **करेन उपभोग**—उपभोग करें।

अनुवाद

कभी-कभी महाप्रभु इसमें से कुछ भाग को रात में खाते। महाप्रभु अपने भक्तों द्वारा श्रद्धा तथा प्रेम से प्रस्तुत की गई वस्तुओं का निश्चय ही भोग करते हैं।

तात्पर्य

कृष्ण अपने भक्तों तथा उनकी भेंटों से अत्यधिक प्रसन्न होते हैं। इसलिए *भगवद्गीता* (९.२६) में वे कहते हैं :

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतम् अश्नामि प्रयतात्मनः ॥

"यदि कोई प्रेम तथा श्रद्धा से मुझे एक पत्ती, फूल, फल या जल प्रदान करता है, तो मैं उसे स्वीकार करता हूँ।" यहाँ भी हम देखते हैं कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने सारा भोजन स्वीकार किया, क्योंकि यह उनके भक्तों द्वारा अर्पित किया गया था। कभी वे दिन में खाते और कभी रात में, किन्तु वे सदैव यही सोचा करते कि चूँकि इसे उनके भक्तों ने बड़े प्रेम तथा स्नेह से दिया है, अतएव उन्हें उसे खाना चाहिए।

এই-মত মহাপ্রভু ভক্ত-গণ-সঙ্গে ।
চাতুর্মাস্য গোঙাইলা কৃষ্ণ-কথা-রঙ্গে ॥ ১৩৩॥

एइ-मत महाप्रभु भक्त-गण-सङ्गे ।
चातुर्मास्य गोङाइला कृष्ण-कथा-रङ्गे ॥ १३३॥

एइ-मत—इस प्रकार; **महाप्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **भक्त-गण-सङ्गे**—उनके व्यक्तिगत भक्तों के साथ; **चातुर्मास्य गोङाइला**—वर्षा ऋतु के चार महीने बिताये; **कृष्ण-कथा-रङ्गे**—कृष्ण कथा वर्णित करने के सुख में।

अनुवाद

इस तरह महाप्रभु ने अपने भक्तों के साथ कृष्ण कथा की चर्चा करते हुए चातुर्मास की सारी अवधि सुखपूर्वक बिताई।

মধ্যে মধ্যে আচার্যাদি করে নিমন্ত্রণ ।
ঘরে ভাত রান্ধে আর বিবিধ ব্যঞ্জন ॥১৩৪॥

मध्ये मध्ये आचार्य्यादि करे निमन्त्रण ।
घरे भात रान्धे आर विविध व्यञ्जन ॥ १३४॥

मध्ये मध्ये—अन्तराल में; **आचार्य्य-आदि**—अद्वैत आचार्य इत्यादि; **करे निमन्त्रण**—निमन्त्रण देते; **घरे**—घर में; **भात**—चावल; **रान्धे**—पकाये; **आर**—तथा; **विविध व्यञ्जन**—विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ।

अनुवाद

समय-समय पर अद्वैत आचार्य तथा अन्य भक्त श्री चैतन्य महाप्रभु को घर में पकाया चावल तथा नाना प्रकार की सब्जियाँ खाने के लिए निमन्त्रित करते रहते।

मरिचेर झाल, आर मधुराम्ल आर ।
आदा, लवण, लेम्बु, दुग्ध, दधि, खण्ड-सार ॥ १३५॥
शाक दुइ-चारि, आर सुकुतार झोल ।
निम्ब-वार्ताकी, आर भृष्ट-पटोल ॥ १३६॥

मरिचेर झाल—काली मिर्च से बना तीखा पदार्थ; **आर**—एवं; **मधुराम्ल**—खट्टा-मीठा पदार्थ; **आर**—इसके साथ; **आदा**—अदरक; **लवण**—नमकीन पदार्थ; **लेम्बु**—निंबु; **दुग्ध**—दूध; **दधि**—दही; **खण्ड-सार**—पनीर; **शाक दुइ-चारि**—दो चार प्रकार की पालक; **आर**—एवं; **सुकुतार झोल**—खरबूज से बना झोल; **निम्ब-वार्ताकी**—निंब के पत्तो के मिश्रण के साथ बैंगन; **आर**—एवं; **भृष्ट-पटोल**—तला हुआ पटोल।

अनुवाद

उन्होंने काली मिर्च से बनी तीखी वस्तुएँ, मीठे तथा खट्टे व्यंजन, अदरक, नमकीन, नींबू, दूध, दही, पनीर, दो-चार तरह की शाक-सब्जियाँ, सुकुता से बना सूप, नीम के फूलों से मिश्रित बैंगन तथा तला हुआ पटोल खाने को दिया।

ভৃষ্ট ফুল-বড়ী, আর মুদগ-ডালি-সূপ ।
বিবিধ ব্যঞ্জন রান্ধে প্রভুর রুচি-অনুরূপ ॥ ১৩৭ ॥

भृष्ट फुल-बड़ी, आर मुद्‌ग-डालि-सूप ।
विविध व्यञ्जन रान्धे प्रभुर रुचि-अनुरूप ॥ १३७ ॥

भृष्ट—तला हुआ; **फुल-बड़ी**—दाल से बना पदार्थ; **आर**—एवं; **मुद्‌ग-डालि-सूप**—मुंग दाल से बनी तरल वस्तु; **विविध व्यञ्जन**—विभिन्न प्रकार की सब्जी; **रान्धे**—पकाते थे; **प्रभुर रुचि-अनुरूप**—श्री चैतन्य महाप्रभु को अत्यन्त स्वादिष्ट लगती थी।

अनुवाद

उन्होंने फुलबड़ी, मूँग की दाल तथा अनेक तरकारियाँ दीं, जो महाप्रभु के स्वाद के अनुकूल पकाई गई थीं।

জগন্নাথের প্রসাদ আনে করিতে মিশ্রিত ।
কাহাঁ একা যায়েন, কাহাঁ গণের সহিত ॥ ১৩৮ ॥

जगन्नाथेर प्रसाद आने करिते मिश्रित ।
काहाँ एका याय़ेन, काहाँ गणेर सहित ॥ १३८ ॥

जगन्नाथेर—जगन्नाथ भगवान् के; **प्रसाद**—प्रसाद; **आने**—लाकर; **करिते मिश्रित**—मिश्रण करते थे; **काहाँ**—कहीं; **एका याय़ेन**—अकेले जाते; **काहाँ**—कहीं; **गणेर सहित**—भक्तों के साथ।

अनुवाद

वे इन खाद्यान्नों के साथ जगन्नाथजी का प्रसाद मिला देते। जब श्री चैतन्य महाप्रभु निमन्त्रण स्वीकार करते, तो कभी वे अकेले जाते और कभी अपने संगियों के साथ जाते।

আচার্যরত্ন, আচার্যনিধি, নন্দন, রাঘব ।
শ্রীবাস-আদি যত ভক্ত, বিপ্র সব ॥ ১৩৯ ॥

आचार्य्यरत्न, आचार्य्यनिधि, नन्दन, राघव ।
श्रीवास-आदि य़त भक्त, विप्र सब ॥ १३९ ॥

आचार्य्यरत्न—आचार्यरत्न; **आचार्य्यनिधि**—आचार्यनिधि; **नन्दन**—नन्दन आचार्य;

राघव—राघव पण्डित; **श्रीवास-आदि**—श्रीवास आदि; **ग्रत भक्त**—सभी भक्त; **विप्र सब**—सभी ब्राह्मण।

अनुवाद

आचार्यरत्न, आचार्यनिधि, नन्दन आचार्य, राघव पण्डित तथा श्रीवास जैसे सारे के सारे भक्त ब्राह्मण जाति के थे।

एइ-मत निमन्त्रण करेन यत्न करि ।
वासुदेव, गदाधर-दास, गुप्त-मुरारि ॥ १४०॥
कुलीन-ग्रामी, खण्ड-वासी, आर यत जन ।
जगन्नाथेर प्रसाद आनि' करे निमन्त्रण ॥ १४१॥

एइ-मत निमन्त्रण करेन ग्रत्न करि ।
वासुदेव, गदाधर-दास, गुप्त-मुरारि ॥ १४०॥
कुलीन-ग्रामी, खण्ड-वासी, आर ग्रत जन ।
जगन्नाथेर प्रसाद आनि' करे निमन्त्रण ॥ १४१॥

एइ-मत—इस प्रकार; **निमन्त्रण**—निमन्त्रण; **करेन**—दिया; **ग्रत्न करि**—प्रेम से; **वासुदेव**—वासुदेव; **गदाधर-दास**—गदाधर दास; **गुप्त-मुरारि**—मुरारी गुप्त; **कुलीन-ग्रामी**—कुलीन ग्राम के निवासी; **खण्ड-वासी**—खण्ड के निवासी; **आर**—एवं; **ग्रत जन**—अन्य लोग; **जगन्नाथेर प्रसाद**—जगन्नाथ का प्रसाद; **आनि'**—लाकर; **करे निमन्त्रण**—निमन्त्रण दिया।

अनुवाद

वे महाप्रभु को निमन्त्रण दिया करते। वासुदेव दत्त, गदाधर दास, मुरारि गुप्त, कुलीन ग्राम तथा खण्ड ग्राम के वासी एवं अन्य अनेक भक्त, जो ब्राह्मण जाति के नहीं थे, भगवान् जगन्नाथ को अर्पित भोजन खरीदा करते और तब श्री चैतन्य महाप्रभु को निमन्त्रित किया करते।

तात्पर्य

न तो कुलीन ग्राम के निवासी, जैसे कि सत्यराज खान तथा रामानन्द वसु, जाति के ब्राह्मण थे, न ही मुकुन्द दास, नरहरि दास तथा रघुनन्दन जैसे खण्ड के निवासी ब्राह्मण जाति के थे। इसलिए वे बाजार से प्रसाद खरीदा करते, जहाँ जगन्नाथ के भोजन का शेष बेचा जाता और तब वे श्री चैतन्य महाप्रभु को

निमन्त्रित करते, जबकि आचार्यरत्न, आचार्यनिधि आदि जो जाति के ब्राह्मण थे, वे घर पर भोजन बनाते और महाप्रभु को निमन्त्रित करते। चैतन्य महाप्रभु उस समय के समाज में प्रचलित मर्यादा का पालन केवल ब्राह्मण जाति के लोगों द्वारा पकाया भोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण करके करते, किन्तु सिद्धान्ततः वे अपने भक्तों का निमन्त्रण स्वीकार करते, भले ही वे ब्राह्मण न हों।

शिवानन्द-सेनेर शुन निमन्त्रणाख्यान ।
शिवानन्देर बड़-पुत्रेर 'चैतन्य-दास' नाम ॥ १४२॥
शिवानन्द-सेनेर शुन निमन्त्रणाख्यान ।
शिवानन्देर बड़-पुत्रेर 'चैतन्य-दास' नाम ॥ १४२॥

शिवानन्द-सेनेर—शिवानन्द सेन का; **शुन**—सुनो; **निमन्त्रण-आख्यान**—निमन्त्रण की कथा; **शिवानन्देर**—शिवानन्द सेन के; **बड़-पुत्रेर**—ज्येष्ठ पुत्र; **चैतन्य-दास नाम**—चैतन्य दास नामक।

अनुवाद

अब शिवानन्द सेन द्वारा महाप्रभु को दिये गये निमन्त्रण के बारे में सुनें। उनके ज्येष्ठ पुत्र का नाम चैतन्य दास था।

प्रभुरे मिलाइते ताँरे सङ्गेइ आनिला ।
मिलाइले, प्रभु ताँर नाम त' पुछिला ॥ १४३॥
प्रभुरे मिलाइते ताँरे सङ्गेइ आनिला ।
मिलाइले, प्रभु ताँर नाम त' पुछिला ॥ १४३॥

प्रभुरे मिलाइते—प्रभु से परिचय करना; **ताँरे**—उसे (चैतन्य दास); **सङ्गेइ**—संग; **आनिला**—लाये; **मिलाइले**—जब परिचय कराया; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **ताँर**—उसका; **नाम**—नाम; **त'**—उस पर; **पुछिला**—पूछा।

अनुवाद

जब शिवानन्द सेन अपने पुत्र चैतन्य दास को महाप्रभु से परिचय कराने के लिए लाये, तब महाप्रभु ने उनसे उनका नाम पूछा।

'चैतन्य-दास' नाम शुनि' कहे गौर-राय ।
'किबा नाम धराञाछ, बुझन ना याय' ॥ १४४॥

'चैतन्य-दास' नाम शुनि' कहे गौर-राय ।
'किबा नाम धराञाछ, बुझन ना याय' ॥ १४४॥

चैतन्य-दास—चैतन्य दास; **नाम**—नाम; **शुनि'**—सुनकर; **कहे गौर-राय**—श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा; **किबा**—क्या; **नाम**—नाम; **धराञाछ**—तुमने दिया; **बुझन ना याय**—समझ न आया।

अनुवाद

जब महाप्रभु ने सुना कि उसका नाम चैतन्य दास है, तो उन्होंने कहा, "तुमने इसका कैसा नाम रखा है? इसे समझना बहुत कठिन है।"

सेन कहे,—'ये जानिलुँ, सेइ नाम धरिल' ।
एत बलि' महाप्रभुरे निमन्त्रण कैल ॥ १४५॥

सेन कहे,—'ये जानिलुँ, सेइ नाम धरिल' ।
एत बलि' महाप्रभुरे निमन्त्रण कैल ॥ १४५॥

सेन कहे—शिवानन्द सेन ने कहा; **ये जानिलुँ**—मैं जो जानता था; **सेइ नाम**—वह नाम; **धरिल**—रखा; **एत बलि'**—यह कहकर; **महाप्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु को; **निमन्त्रण कैल**—निमन्त्रण दिया।

अनुवाद

शिवानन्द सेन ने उत्तर दिया, "उसका जो नाम रखा गया है, वह मेरे भीतर से उत्पन्न हुआ।" तब उन्होंने श्री चैतन्य महाप्रभु को भोजन के लिए निमन्त्रित किया।

जगन्नाथेर बहु-मूल्य प्रसाद आनाइला ।
भक्त-गणे लञा प्रभु भोजने बसिला ॥ १४६॥

जगन्नाथेर बहु-मूल्य प्रसाद आनाइला ।
भक्त-गणे लञा प्रभु भोजने बसिला ॥ १४६॥

जगन्नाथेर—जगन्नाथ भगवान् का; **बहु-मूल्य**—बहुमूल्य; **प्रसाद**—प्रसाद; **आनाइला**—

लाया; **भक्त-गणे**—भक्तगण; **लञा**—के संग; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **भोजने वसिला**—प्रसाद सेवन करने बैठे।

अनुवाद

शिवानन्द सेन भगवान् जगन्नाथ का बहुमूल्य प्रसाद खरीद लाये थे। उसे वे भीतर ले आये और श्री चैतन्य महाप्रभु को दिया, जो अपने संगियों सहित प्रसाद पाने के लिए बैठ गये।

শিবানন্দের গৌরবে প্রভু করিলা ভোজন ।
অতি-গুরু-ভোজনে প্রভুর প্রসন্ন নহে মন ॥১৪৭॥

शिवानन्देर गौरवे प्रभु करिला भोजन ।
अति-गुरु-भोजने प्रभुर प्रसन्न नहे मन ॥१४७॥

शिवानन्देर—शिवानन्द सेन के; **गौरवे**—गौरव से; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **करिला भोजन**—भोजन किया; **अति-गुरु-भोजने**—अधिक भोजन करके; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु का; **प्रसन्न नहे मन**—मन असन्तुष्ट था।

अनुवाद

शिवानन्द सेन की महिमा के कारण श्री चैतन्य महाप्रभु ने उनके आग्रह पर सभी प्रकार के प्रसाद का भोजन किया। किन्तु महाप्रभु आवश्यकता से अधिक खा गये, जिससे उनका मन असन्तुष्ट था।

আর দিন চৈতন্য-দাস কৈলা নিমন্ত্রণ ।
প্রভুর 'অভীষ্ট' বুঝি' আনিলা ব্যঞ্জন ॥১৪৮॥

आर दिन चैतन्य-दास कैला निमन्त्रण ।
प्रभुर 'अभीष्ट' बुझि' आनिला व्यञ्जन ॥१४८॥

आर दिन—अगले दिन; **चैतन्य-दास**—शिवानन्द सेन के पुत्र ने; **कैला निमन्त्रण**—निमन्त्रित किया; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **अभीष्ट**—इच्छा; **बुझि'**—समझकर; **आनिला व्यञ्जन**—विभिन्न व्यंजन लाये।

अनुवाद

अगले दिन शिवानन्द सेन के पुत्र चैतन्य दास ने महाप्रभु को निमन्त्रण

दिया। किन्तु वह महाप्रभु के मन को समझ चुके थे, इसलिए उन्होंने भिन्न प्रकार के भोजन की व्यवस्था की।

दधि, लेम्बु, आदा, आर फुल-बड़ा, लवण ।
सामग्री देखिया प्रभुर प्रसन्न हैल मन ॥ १४९॥

दधि, लेम्बु, आदा, आर फुल-बड़ा, लवण ।
सामग्री देखिया प्रभुर प्रसन्न हैल मन ॥ १४९॥

दधि—दही; **लेम्बु**—निंबु; **आदा**—अदरक; **आर**—एवं; **फुल-बड़ा**—दाल से बना; **लवण**—नमक; **सामग्री देखिया**—यह सामग्री देखकर; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु का; **प्रसन्न**—प्रसन्न; **हैल**—हुए; **मन**—मन में।

अनुवाद

उन्होंने दही, नींबू, अदरक, मुलायम बड़े तथा नमक लाकर दिया। यह प्रबन्ध देखकर श्री चैतन्य महाप्रभु अत्यन्त प्रसन्न हुए।

तात्पर्य

श्री चैतन्य महाप्रभु की कृपा से चैतन्य दास ने महाप्रभु के मन की बात जान ली। इसलिए उन्होंने ऐसे भोजन की व्यवस्था की, जो पिछले दिन के गरिष्ठ भोजन का निराकरण कर सके।

आगे चलकर चैतन्य दास संस्कृत के विद्वान बने और उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं। उनकी पुस्तकों में से *कृष्ण कर्णामृत* का भाष्य अत्यन्त प्रसिद्ध है। एक अन्य पुस्तक *चैतन्य-चरितामृत* कहलाती है, जो संस्कृत काव्य है। कहा जाता है कि इसकी रचना भी उन्होंने की।

प्रभु कहे,—"एइ बालक आमार मत जाने ।
सन्तुष्ट ह-इलाँ आमि इहार निमन्त्रणे" ॥ १५०॥

प्रभु कहे,—"एइ बालक आमार मत जाने ।
सन्तुष्ट ह-इलाँ आमि इहार निमन्त्रणे" ॥ १५०॥

प्रभु कहे—श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा; **एइ बालक**—यह बालक; **आमार मत**—मेरा मन; **जाने**—समझता है; **सन्तुष्ट ह-इलाँ**—सन्तुष्ट हूँ; **आमि**—मैं; **इहार निमन्त्रणे**—इसके निमन्त्रण से।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा, "यह बालक मेरा मन जानता है। अतएव उसका निमन्त्रण स्वीकार करने से मैं अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ।"

এত বলি' দধি-ভাত করিলা ভোজন ।
চৈতন্য-দাসেরে দিলা উচ্ছিষ্ট-ভাজন ॥ ১৫১ ॥

এত বলি' দধি-ভাত করিলা ভোজন ।
চৈতন্য-দাসেরে দিলা উচ্ছিষ্ট-ভাজন ॥ ১৫১ ॥

এত বলি'—यह कहकर; **দধি-ভাত**—दही चावल; **করিলা ভোজন**—भोजन किया; **চৈতন্য-দাসেরে**—चैतन्य दास को; **দিলা**—उन्होंने दिया; **উচ্ছিষ্ট-ভাজন**—उनका शेष।

अनुवाद

यह कहकर महाप्रभु ने चावल और दही को मिला लिया और चैतन्य दास को अपने भोजन का शेष दिया।

চারি-মাস এই-মত নিমন্ত্রণে যায় ।
কোন কোন বৈষ্ণব 'দিবস' নাহি পায় ॥ ১৫২ ॥

চারি-মাস এই-মত নিমন্ত্রণে যায় ।
কোন কোন বৈষ্ণব 'দিবস' নাহি পায় ॥ ১৫২ ॥

চারি-মাস—चार महीनों तक; **এই-মত**—इस प्रकार; **নিমন্ত্রণে যায়**—श्री चैतन्य महाप्रभु उनके निमन्त्रण स्वीकार करते; **কোন কোন বৈষ্ণব**—कुछ कुछ वैष्णवों को; **দিবস**—दिन; **নাহি পায়**—न मिला।

अनुवाद

इस तरह भक्तों के आमन्त्रण स्वीकार करते हुए चातुर्मास बीत गया। किन्तु निमन्त्रणों की बाढ़ के कारण कुछ वैष्णवों को खाली दिन न मिल सका, जब वे महाप्रभु को बुला सकते।

গদাধর-পণ্ডিত, ভট্টাচার্য সার্বভৌম ।
ইঁহা সবার আছে ভিক্ষার দিবস-নিয়ম ॥ ১৫৩ ॥

गदाधर-पण्डित, भट्टाचार्य्य सार्वभौम ।
इँहा सबार आछे भिक्षार दिवस-नियम ॥ १५३ ॥

गदाधर-पण्डित—गदाधर पण्डित; **भट्टाचार्य्य सार्वभौम**—सार्वभोम भट्टाचार्य; **इँहा सबार**—यह सब व्यक्ति; **आछे**—हैं; **भिक्षार**—निमन्त्रण स्वीकार करने; **दिवस-नियम**—हर महीने।

अनुवाद

गदाधर पण्डित तथा सार्वभौम भट्टाचार्य ने तो वे तिथियाँ तय कर दी थीं, जब प्रति मास श्री चैतन्य महाप्रभु उनका निमन्त्रण स्वीकार करते।

गोपीनाथाचार्य, जगदानन्द, काशीश्वर ।
भगवान्, रामभद्राचार्य, शङ्कर, वक्रेश्वर ॥ १५४ ॥
मध्ये मध्ये घर-भाते करे निमन्त्रण ।
अन्येर निमन्त्रणे प्रसादे कौड़ि दुई-पण ॥ १५५ ॥

गोपीनाथाचार्य्य, जगदानन्द, काशीश्वर ।
भगवान्, रामभद्राचार्य्य, शङ्कर, वक्रेश्वर ॥ १५४ ॥
मध्ये मध्ये घर-भाते करे निमन्त्रण ।
अन्येर निमन्त्रणे प्रसादे कौड़ि दुइ-पण ॥ १५५ ॥

गोपीनाथ-आचार्य्य—गोपीनाथ आचार्य; **जगदानन्द**—जगदानन्द पण्डित; **काशीश्वर**—काशीश्वर; **भगवान्**—भगवान्; **रामभद्र-आचार्य्य**—रामभद्र आचार्य; **शङ्कर**—शंकर; **वक्रेश्वर**—वक्रेश्वर; **मध्ये मध्ये**—अन्तराल में; **घर-भाते**—घर में चावल बनाकर; **करे निमन्त्रण**—निमन्त्रित करते; **अन्येर निमन्त्रण**—दुसरों को निमन्त्रण करने; **प्रसादे**—प्रसाद; **कौड़ि दुइ-पण**—शंख के दो पण (१६० शंख)।

अनुवाद

गोपीनाथ आचार्य, जगदानन्द, काशीश्वर, भगवान्, रामभद्राचार्य, शंकर तथा वक्रेश्वर—ये सभी ब्राह्मण थे, जिन्होंने श्री चैतन्य महाप्रभु को निमन्त्रण दिया और घर पर पकाया भोजन प्रदान किया, जबकि अन्य भक्त दो पण का जगन्नाथजी का प्रसाद खरीदकर महाप्रभु को निमन्त्रित करते।

প্রথমে আছিল 'নির্বন্ধ' কৌড়ি চারি-পণ ।
রামচন্দ্র-পুরী-ভয়ে ঘাটাইলা নিমন্ত্রণ ॥১৫৬॥

प्रथमे आछिल 'निर्बन्ध' कौड़ि चारि-पण ।
रामचन्द्र-पुरी-भये घाटाइला निमन्त्रण ॥ १५६ ॥

प्रथमे—प्रारम्भ में; **आछिल**—था; **निर्बन्ध**—निर्धारित; **कौड़ि चारि-पण**—शंख के चार पण; **रामचन्द्र-पुरी-भये**—रामचन्द्र पुरी के; **घाटाइला**—कम हुए; **निमन्त्रण**—निमन्त्रण का।

अनुवाद

पहले जगन्नाथ प्रसाद का मूल्य चार पण कौड़ियाँ था, किन्तु जब रामचन्द्र पुरी वहाँ था, तब यह मूल्य कम करके आधा हो गया था।

চারি-মাস রহি' গৌড়ের ভক্তে বিদায় দিলা ।
নীলাচলের সঙ্গী ভক্ত সঙ্গেই রহিলা ॥১৫৭॥

चारि-मास रहि' गौड़ेर भक्ते विदाय दिला ।
नीलाचलेर सङ्गी भक्त सङ्गेइ रहिला ॥ १५७ ॥

चारि-मास रहि'—चार महीनों तक रहकर; **गौड़ेर भक्ते**—बंगाल से आये गौड़िया भक्तों को; **विदाय दिला**—विदा किया; **नीलाचलेर सङ्गी**—जगन्नाथ पुरी में सहयोगी; **भक्त**—भक्त; **सङ्गेइ**—के संग; **रहिला**—रहे।

अनुवाद

बंगाल से आये भक्त श्री चैतन्य महाप्रभु के साथ चार महीनों तक लगातार रहे और तब महाप्रभु ने उन्हें विदा दी। बंगाली भक्तों के चले जाने पर जो भक्त जगन्नाथ पुरी में महाप्रभु के साथ रहने वाले थे, वे उनके साथ रहे।

এই ত' কহিলুঁ প্রভুর ভিক্ষা-নিমন্ত্রণ ।
ভক্ত-দত্ত বস্তু যৈছে কৈলা আস্বাদন ॥১৫৮॥

एइ त' कहिलुँ प्रभुर भिक्षा-निमन्त्रण ।
भक्त-दत्त वस्तु यैछे कैला आस्वादन ॥ १५८ ॥

एइ त'—इस प्रकार; **कहिलुँ**—मैंने वर्णन किया है; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु का;

भिक्षा-निमन्त्रण—भोजन के लिए निमन्त्रण; **भक्त-दत्त**—भक्तों द्वारा प्रस्तुत किया गया; **वस्तु**—वस्तु; **ग्रैछे**—जैसे; **कैला आस्वादन**—उन्होंने आस्वादन किया।

अनुवाद

इस तरह मैंने इसका वर्णन किया है कि महाप्रभु ने किस-किस तरह अपने भक्तों के निमन्त्रण स्वीकार किये और उनके द्वारा अर्पित प्रसाद का आस्वादन किया।

তার মধ্যে রাঘবের ঝালি-বিবরণ ।
তার মধ্যে পরি-মুণ্ডা-নৃত্য-কথন ॥ ১৫৯॥

तार मध्ये राघवेर झालि-विवरण ।
तार मध्ये परि-मुण्डा-नृत्य-कथन ॥ १५९॥

तार मध्ये—उसके दौरान; **राघवेर**—राघव पण्डित के; **झालि-विवरण**—भोजन के थैलों का वर्णन; **तार मध्ये**—उसके साथ साथ; **परि-मुण्डा-नृत्य-कथन**—जगन्नाथ के मन्दिर में किये गये नृत्य का वर्णन।

अनुवाद

उस कथा के बीच में राघव पण्डित के भोजन की थैलियों एवं जगन्नाथ मन्दिर में नृत्य का वर्णन आया है।

শ্রদ্ধা করি' শুনে যেই চৈতন্যের কথা ।
চৈতন্য-চরণে প্রেম পাইবে সর্বথা ॥ ১৬০॥

श्रद्धा करि' शुने ग्रेइ चैतन्येर कथा ।
चैतन्य-चरणे प्रेम पाइबे सर्वथा ॥ १६०॥

श्रद्धा करि'—अत्यन्त आस्था एवं प्रेम के साथ; **शुने**—सुने; **ग्रेइ**—जो व्यक्ति; **चैतन्येर कथा**—श्री चैतन्य महाप्रभु की लीलाओं का वर्णन; **चैतन्य-चरणे**—श्री चैतन्य महाप्रभु के चरणकमल; **प्रेम**—प्रेम; **पाइबे**—निश्चित रूप से पायेगा; **सर्वथा**—अवश्य।

अनुवाद

जो व्यक्ति श्रद्धा तथा प्रेमपूर्वक श्री चैतन्य महाप्रभु की लीलाओं के विषय में सुनता है, वह निश्चय ही श्री चैतन्य महाप्रभु के चरणकमलों के प्रति आनन्दमय प्रेम को प्राप्त करेगा।

শুনিতে অমৃত-সম জুড়ায় কর্ণ-মন ।
সেই ভাগ্যবান্, যেই করে আস্বাদন ॥ ১৬১ ॥

शुनिते अमृत-सम जुड़ाय कर्ण-मन ।
सेइ भाग्यवान्, येइ करे आस्वादन ॥ १६१ ॥

शुनिते—सुनने में; **अमृत-सम**—अमृत के समान; **जुड़ाय कर्ण-मन**—कर्ण और मन को सन्तुष्ट करता है; **सेइ भाग्यवान्**—वह अत्यन्त सौभाग्यशाली है; **येइ**—जो; **करे आस्वादन**—आस्वादन करे।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु के कार्यकलापों की कथाएँ सुनने में अमृत-तुल्य हैं। वे कानों तथा मन दोनों को तुष्ट करने वाली हैं। जो भी इन कार्यकलापों के अमृत का आस्वादन करता है, वह निश्चय ही बड़ा भाग्यशाली है।

শ্রী-রূপ-রঘুনাথ-পদে যার আশ ।
চৈতন্য-চরিতামৃত কহে কৃষ্ণদাস ॥ ১৬২ ॥

श्री-रूप-रघुनाथ-पदे यार आश ।
चैतन्य-चरितामृत कहे कृष्णदास ॥ १६२ ॥

श्री-रूप—श्रील रूप गोस्वामी; **रघुनाथ**—श्रील रघुनाथ दास गोस्वामी; **पदे**—चरणकमल; **यार**—जिनके; **आश**—अपेक्षा; **चैतन्य-चरितामृत**—चैतन्य चरितामृत; **कहे**—कहे; **कृष्णदास**—श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी।

अनुवाद

श्री रूप तथा श्री रघुनाथ के चरणकमलों की वन्दना करते हुए तथा उनकी कृपा की सदैव कामना करते हुए, उनके चरणचिह्नों पर चलकर मैं कृष्णदास श्री चैतन्य-चरितामृत का वर्णन कर रहा हूँ।

इस प्रकार श्रीचैतन्य-चरितामृत अन्त्य लीला के अन्तर्गत श्री चैतन्य महाप्रभु का भक्तों से प्रसाद-ग्रहण शीर्षक दसवें अध्याय का भक्तिवेदान्त तात्पर्य पूर्ण हुआ।